**दिनांक-03.01.2025** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन।
- भोपाल में आज से 31वीं राष्ट्रीय बाल कांग्रेस की होगी शुरूआत, 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक, शिक्षक लेंगे हिस्सा।
- प्रदेश के दो खिलाड़ियों रूबीना फ्रांसिस और कपिल परमार को मिलेगा अर्जुन अवार्ड।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे का दौर जारी, आज भी कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहने का अनुमान।

प्रधानमंत्री - दिल्ली परियोजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। वे झुग्गी-झोपडी में रहने वालों के लिए बनाए गए एक हजार सात सौ मकानों का उद्घाटन करेंगे और लाभार्थियों को अशोक विहार में मकान की चाबी सौपेंगे।

प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय में छह सौ करोड रुपये से अधिक की तीन नई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वे नजफगढ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला रखेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि प्रधानमंत्री पूर्वी दिल्ली में सूरजमल बिहार में ईस्टर्न कैंपस और द्वारका में वेस्टर्न कैंपस के एकडेमिक ब्लॉक का शिलान्यास भी करेंगे।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ करेंगे। इस 4 दिवसीय आयोजन में विभिन्न राज्यों के 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक, शिक्षक और मेंटर्स भाग लेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय "स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना" है।

वीसी-संजीव शर्मा

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 6 जनवरी तक चलेगी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक और शिक्षक शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब जैसे देशों के बाल वैज्ञानिक भी अपनी प्रस्तुतियों के साथ शामिल होंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय "स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना" है। यह कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने और उन्हें समाज की समस्याओं के समाधान में नवाचार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का संचालन केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाता है।

अमित शाह - पुस्तक लोकार्पण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में न केवल आतंकवाद को नियंत्रित किया है बल्कि घाटी में आतंक के पूरे परिवेश को ध्वस्त कर दिया है। श्री शाह कल नई दिल्ली में एक पुस्तक ''जम्मू कश्मीर एंड लद्दाख - थ्रो द एजेज'' का लोकार्पण करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर से अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद आंतकी गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। इसके बाद से आतंकी गतिविधियों में 70 प्रतिशत तक की कमी आई है।

बाईट- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

संचार- कुंभ

केंद्रीय संचार मंत्रालय ने घोषणा की है कि महाकुंभ मेले की तैयारी में, दूरसंचार विभाग ने मेला क्षेत्र और प्रयागराज में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। सार्वजनिक सुरक्षा और सुविधा को और बढ़ाने के लिए, दूरसंचार प्रदाताओं ने मेला क्षेत्र में 53 हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। ये डेस्क संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने जैसी सेवाओं में सहायता करेंगे। इसके अलावा किसी भी संकट की स्थिति के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मेला क्षेत्र में तीन आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

अर्जुन पुरस्कार

प्रदेश के दो पैरालंपिक खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस और कपिल परमार प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार "अर्जुन अवार्ड" से सम्मानित किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस बड़ी उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। दोनों खिलाड़ियों की लगन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस राष्ट्रीय पुरस्कार को हासिल करने के काबिल बनाया है। रुबीना जबलपुर की रहने वाली है और कई साल से एमपी शूटिंग एकेडमी भोपाल में ट्रेनिंग ले रही हैं, वहीं कपिल परमार सीहोर के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पेरिस पैरालंपिक 2024 के मेडलिस्ट हैं। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 राष्ट्रपति द्वारा 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में दिए जाएंगे।

दिव्यांगजन-शिविर

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भोपाल शहर के दिव्यांगों के चिन्हांकन, परीक्षण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिविर 7 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आर.आर. भोसले ने बताया कि एडीआईपी योजना के तहत इन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत चिन्हित कर उन्हें सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। भोपाल में 7 जनवरी को भेल दशहरा मैदान में और अन्य दिवसों पर निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाये जायेंगे।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे का दौर जारी है।  भोपाल, नर्मदापुरम, सीहोर में कल शीतल दिन रहा। वहीं नीमच में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम तापमान 3 दशमलच 4 डिग्री सेल्सियस पचमढ़ी में दर्ज किया गया। आगरमालवा में 5 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आज भी रायसेन और शाजापुर जिलों के लिए घने कोहरे शीतल दिन और पाला पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, राजगढ़, नीमच और नर्मदापुरम में शीतल दिन का यलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जिलों में मध्यम से हल्के कोहरे का असर जारी रहने का अनुमान है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहने की संभावना है। गुना जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। कल यहां न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

क्रिकेट

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला का पांचवां और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच आज से ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में शुरु हो गया है। आज के मैच में कप्तान रोहित शर्मा नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह कप्तान बनाए गए है। ताज़ा समाचार मिलने तक भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 2 विकेट पर 56 रन बना लिए हैं।

मेलबॉर्न में चौथे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला में दो-एक की बढत बना ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए भारत के लिए यह मैच जीतना ज़रूरी है।

समाचार संक्षेप में .....

- राज्य सरकार ने परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता का तबादला कर दिया है। उनकी जगह पर 1998 बैच के आईपीएस विवेक शर्मा को परिवहन आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- सिंगरौली कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य मंत्री राधा सिंह की मौजूदगी में जनसंवाद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विकसित सिंगरौली के लिए मंथन किया गया।
- नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतीमा बागरी ने कल ओंकारेश्वर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने यहां कचरे से बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन भी किया।
- भारत अमृत महोत्सव के अवसर पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, खेल एवं युवा कल्याण युवा केन्द्र एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया।
- स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के मौके पर रायसेन जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

- सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते कल जिला योजना भवन मंडला में आयोजित मिशन सुरक्षा जिंदगी अनमोल है, सुरक्षित सफर, सुरक्षित प्रदेश कार्यक्रम में शामिल हुए।
- युवाओ को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- पन्ना जिले मे फायलेरिया उन्मूलन के लिए इस वर्ष 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा का सेवन कराया जाएगा।

-------------